आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 10.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकार ने एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति को मंजूरी दी।
- नई दिल्ली में चौदह नवम्बर से शुरू हो रहे भारत अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले में इस बार भी अण्डमान निकोबार प्रशासन अपना पवेलियन स्थापित करेगा।
- दुर्गा पूजा उत्सव धूम–धाम के साथ मनाया जा रहा है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है।
- चाइल्ड हेल्पलाइन और इसके माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी देने के लिए हस्मताबाद आंगनवाड़ी केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><>

केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत जुलाई दो हजार चौबीस से दिसंबर, दो हजार अट्ठाइस तक निःशुल्क फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने की स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कहा कि इस पहल से एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी की समस्या दूर होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार के शत प्रतिशत वित्त पोषण के साथ इस योजना पर सत्रह हजार बयासी करोड़ रुपये व्यय होंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक आपूर्ति श्रृंखला विकसित की गई है और इसके लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इस चावल में निर्धारित मानकों के अनुसार आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी–12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिलाया जाता है। भारत में सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए चावल एक आदर्श माध्यम है, क्योंकि भारत की पैंसठ प्रतिशत आबादी का मुख्य भोजन चावल है।

<><><><><><>

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चौदह से सत्ताईस नवम्बर तक आयोजित होने वाले भारत–अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में इस वर्ष भी अंडमान निकोबार प्रशासन भाग लेगा। इस वर्ष का विषय विकसित भारत एट 2047 रखा गया है। इस सिलसिले में उद्यम पंजीकरण प्राप्त इच्छुक स्थानीय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमी और हस्तशिल्प इकाईयां अपना आवेदन भेज सकते हैं। आवेदन के साथ उद्यम पंजीकरण की प्रतिलिपि, उत्पाद की विस्तृत सूची और सेवाएं तथा अंडमान निकोबार पवेलियन में बिक्री या प्रदर्शन के लिए रखे जाने वाले नमूनों की मात्रा और प्रस्तावित मूल्य के साथ पता तथा फोन नम्बर जमा करना होगा। पूर्ण रूप से भरे गए फार्म सोलह अक्तूबर तक उद्योग निदेशालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

दुर्गा पूजा के अवसर पर द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। मंत्रोच्चारण के साथ पूजा की शुरूआत हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पंडालों में मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई है और प्रतिदिन सभी स्थानों पर प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। कई पूजा समितियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। अतुल स्मृति समिति अपनी स्थापना का अस्सीवां वर्ष मना रहा है। इस सिलसिले में बंगाली क्लब में भी प्रतिदिन शाम छः बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। मां कनाका दुर्गा समिति डॉलीगंज में कल कुमकुम पूजा और तेरह अक्तूबर को दिन में ग्यारह बजे से अन्न प्रसादम की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि द्वीपों का सामाजिक पर्व सभी के घरों में खुशियां लाएं। लोग मिल जुलकर रहें और अपने सांस्कृतिक परम्पराओं का पालन करते हुए खुशियों के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने सभी की सुख समृद्धि की कामना की है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रिजर्व बैंक के गर्वनर शक्ति कांत दास ने कहा कि स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनाये रखी गई है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मुद्रास्फीति को निर्धारित लक्ष्य के भीतर बनाये रखने के लिए मौद्रिक नीति के समायोजन रुख को बदलकर 'तटस्थ' करने का निर्णय लिया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि वित्तीय

वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस की पहली तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो निजी खपत और निवेश से प्रेरित है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के दौरे के दौरान चेन्नई पोर्ट के चेयरमैन सुनील पालीवाल ने कोचीन पोर्ट अथॉरिटी के चेयरमैन बी. काशीविश्वनाथन को अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य का प्रभार सौंपा। उन्होंने कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से भी मुलाकात की। सभी चल रहे अण्डमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य की परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने और स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और लॉन्ग आइलैंड में जल्द ही शुरू होने वाले सी–प्लेन संचालन के लिए एएलएचडब्ल्यू द्वारा जल खंड के संचालन में तेजी लाने पर चर्चा की गई। अंडमान निकोबार प्रशासन के साथ संभावित एएलएचडब्ल्यू विलय के तौर–तरीकों पर भी चर्चा की गई।

<><><><><><><>

हस्मताबाद आंगनवाड़ी केंद्र में हाल ही में चाइल्ड हेल्पलाइन–1098 और वीआईपी रोड स्थित महिला एवं बाल विकास नियंत्रण कक्ष द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान माताओं और बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने बच्चों के लिए समय पर और पर्याप्त सहायता की आवश्यकता पर बल दिया। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 प्रत्येक बच्चे के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कॉल ऑपरेटर आनंदिनी ने डब्ल्यूसीडी कंट्रोल रूम के कार्यों और चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहां माताओं और बच्चों ने अपनी शंकाओं का समाधान किया। इसी तरह का कार्यक्रम आंगनवाड़ी केंद्र प्रातरापुर में भी आयोजित किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रशासक बीना दास ने चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

कलस्टर संसाधन केन्द्र सीतानगर में हाल ही में बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए अधिशासी अभियंता मनु थॉमस ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की सराहना की। उन्होंने बच्चों से विज्ञान में रूचि बनाए रखते हुए समाज के हित में उपयोगी अन्वेषण के अपने लक्ष्य की ओर

बढ़ने को कहा। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्या बलबीर सिंह ने इस प्रदर्शनी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

उधर, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मोहनपुरा में हाल ही में सी आर सी स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उप–शिक्षा अधिकारी ज्ञानशील दुबे ने इसका उद्घाटन किया। स्कूल की प्रधानाचार्या एस भवानी ने बच्चों से इसी तरह मन लगाकर काम करने को कहा।

इस बीच, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भातुबस्ती में शिल्पकला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने इसका उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में राज्य मिशन समन्वयक, लिंग विशेषज्ञ, लेखा सहायक, कार्यालय सहायक जैसे विभिन्न पदों के लिए आयोजित साक्षात्कार में शामिल उम्मीदवारों की वरीयता सूची समाज कल्याण विभाग के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अण्डमान के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल की संभावनाओं का पता लगाने के लिए श्रीविजयपुरम में एक ड्रिलिंग जलयान के पहुंचने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है कि इसके माध्यम से बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। सांसद विष्णु पद रे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के उप राज्यपाल से मुलाकात करने और सांसद की ओर से उप राज्यपाल को द्वीपसमूह से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे जाने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा – चिकित्सा के क्षेत्र में एकीकृत प्रणाली का विचार पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो रहा है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के सातवें स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति के संबोधन के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। दक्षिण अण्डमान जिला परिषद अध्यक्षा एम. रजनी के नेतृत्व में परिषद के अन्य सदस्यों और अधिकारियों का बिडनाबाद, कालीकट और सीपीघाट निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने और चल रही विकासीय कार्यों का जायजा लेने के समाचार को डेली टेलीग्राम्स ने पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>